# कक्षा-6

# इकाई-3- पदार्थों का पृथक्करण

## एक शब्द में उत्तर दीजिए

**प्र0-1:** वायु और शर्बत किसके उदाहरण हैं?

**उत्तर: मिश्रण**

**प्र0-2:** तत्व के अणुओं में केवल एक ही प्रकार के क्या होते हैं?

**उत्तर: परमाणु**

**प्र0-3:** ऐसा मिश्रण जिसमें उसके अवयवों को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता, क्या कहलाता है?

**उत्तर: समांगी मिश्रण**

**प्र0-4:** बालू और लोहे की छीलन का मिश्रण किस प्रकार के मिश्रण का उदाहरण है?

**उत्तर: विषमांगी मिश्रण**

**प्र0-5:** पके हुए पौधों से अन्न के कणों को अलग करने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?

**उत्तर: थ्रेशिंग**

**प्र0-6:** हाथ से कंकड़-पत्थर अलग करने की विधि को क्या कहा जाता है?

**उत्तर: बीनना**

**प्र0-7:** द्रव अवस्था में बदले बिना ठोस का सीधे गैस में बदलना क्या कहलाता है?

**उत्तर: ऊर्ध्वपातन**

**प्र0-8:** अविलेय (अघुलनशील) ठोस पदार्थों के पेंदी में बैठने की क्रिया को क्या कहते हैं?

**उत्तर: तलछटीकरण**

**प्र0-9:** मथनी द्वारा तीव्र गति से घुमाकर दूध से मक्खन अलग करने का प्रक्रम क्या कहलाता है?

**उत्तर: अपकेन्द्रण**

**प्र0-10:** किसी द्रव का वाष्प में परिवर्तित होना क्या कहलाता है?

**उत्तर: वाष्पन**

**प्र0-11:** भाप के पुनः द्रव में परिवर्तित होने की क्रिया को क्या कहते हैं?

**उत्तर: संघनन**

**प्र0-12:** पानी और मिट्टी के तेल (अमिश्रणीय द्रवों) को किस उपकरण द्वारा पृथक किया जाता है?

**उत्तर: पृथक्कारी-कीप**

**प्र0-13:** लोहे की कील और लकड़ी के बुरादे को किस विधि से अलग किया जाता है?

**उत्तर: चुम्बकीय पृथक्करण**

**प्र0-14:** स्याही में उपस्थित विभिन्न रंगों को पृथक करने की विधि को क्या कहते हैं?

**उत्तर: क्रोमैटोग्राफी**